Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में ग्राम पंचायत ठाडिया पंचायत समिति चामू जिला ग्राम विकास अधिकारी रामनरेश मीना को 3500/— रूपयें रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, दिनांक 16 जुलाई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए **रामनरेश मीना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ठाडिया पंचायत समिति चामू जिला जोधपुर** को **3500/—** रूपयें रिश्वत लेतें हुए रंगे हाथों गिरप्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** नें बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि श्री रामनरेश मीना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ठाडिया पंचायत समिति चामू जिला जोधपुर द्वारा परिवादी के पत्नी के नाम से पी.एम. आवास योजना में स्वीकृ त मकान की तीसरी किस्त स्वीकृत करने एवं मकान का फोटो खिंचने के एवज में 3500/— रूपये मांग कर परेशान किया जा रहा हैं। जिस पर मांग सत्यापन के दौरान परिवादी सें आरोपी रामनरेश मीना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ठाडिया पंचायत समिति चामू जिला जोधपुर द्वारा 3500/— रूपयें रिश्वत राशि मांग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री नारायण टोगस** सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण **के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** दिशा निर्देशन में श्री अनिल कुमार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर ग्रामीण के नेतृत्व में मय ब्यूरों जाब्ता के आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए **रामनरेश मीना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ठाडिया पंचायत समिति चामू जिला जोधपुर** को 3500/— रूपयें रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान जयपुर के **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।